विधायक ने 10 लाख रुपए कि लागत से सामुदायिक भवन बनवाने की घोषणा

हिण्डौन सिटी/सूरौठ। राजकीय महाविद्यालय सूरौठ के मैदान में चल रहे मीना पद गायन दंगल का हुआ समापन पद दंगल के मुख्य अतिथि हिंडौन सिटी विधायक भरोसीलाल जाटव रहे व विशिष्ट अतिथि हिंडौन सिटी चेयरमैन बृजेश जाटव व प्रधान विनोद कुमार जाटव रहे पधारे हुए सभी अतिथिगणों का मीना समाज के पंच पटेलों ने माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

पद गायन दंगल में डेडा बसेड़ी से जगन मीडिया के द्वारा जालंधर कि कथा सुनाई गई सालिमपुर से डां महेश के द्वारा कि कथा सुनाई गई भूडा गांव से दिनेश के द्वारा नरसी का भात कि कथा सुनाई डोरोली से रामसिंह के द्वारा नारद मोह भंग कि कथा सुनाई सभी मीडियाओं के द्वारा भगवानों कि पौराणिक कथाओं को सुनाया कथाओं को सुनकर श्रोतागण झूम उठे सूरौठ तहसील सहित आसपास के गांवों से हजारों कि संख्या में लोग पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे विधायक जाटव ने सूरौठ कस्बे के लोकप्रिय आराध्य देव बूडन्दे बाबा मंदिर पर 5 व 5 लाख रुपए कि लागत से सामुदायिक भवन व रात्रि विश्राम गृह बनवाने कि घोषणा कार्यक्रम का मंच संचालन प्रेम राज बाबू जी के द्वारा किया गया साथ ही सैनी समाज के द्वारा भी पद गायन पार्टियों के मीडियाओं का सम्मान किया गया और सूरौठ मीणा समाज के पंच पटेलों की ओर से सभी गायन पार्टियों के मीडियाओं का भी माला व साफा पहनाकर व इनाम राशि देकर किया सम्मानित इस मौके पर हजारों लोग उपस्थित रहे ।

गांधी दर्शन शिविर गुरुवार को : हिण्डौन सिटी । उपखंड स्तरीय एक दिवसीय गांधी दर्शन शिविर गुरुवार को दिगंबर जैन आदर्श महिला प्रशिक्षण महाविद्यालय श्री महावीरजी में आयोजित किया जाएगा।

गांधी दर्शन समिति के ब्लॉक संयोजक मानसिंह सैनी ने बताया कि उपखंड अधिकारी सुरेश चंद हरसोलिया ने शिविर के सफल आयोजन को लेकर विकास अधिकारी पंचायत समिति श्री महावीर जी को शिविर का प्रभारी नियुक्त किया है साथ ही विभिन्न राजकीय विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग संबंधी जिम्मेदारियां दी।

इस शिविर में गुरुवार को प्रात: 8:30 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी इसके बाद शिविर स्थल पर पंजीकरण के बाद वक्ताओं द्वारा गांधी दर्शन पर आधारित खादी एवं गांधीजी के रचनात्मक कार्यक्रमों पर वक्तव्य, गांधी दर्शन पर आधारित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दी जाएंगी शाम 5:00 बजे गांधी भजन संध्या देशभक्ति गीतों का आयोजन के साथ शिविर का समापन होगा।

नाश्ते के रुपये मांगने पर चाकू मारा

करौली। जिला मुख्यालय पर बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि शाम होते ही शहर के प्रमुख तिराहे गुलाब बाग स्टेट बीकानेर मिष्ठान भंडार के संचालक के द्वारा नाश्ता के रुपए मांगने पर गर्दन पर चाकू मारा जिससे संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में सामान्य चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है । सूचना पर कोतवाली थाना अधिकारी व पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा।

घायल दुकान संचालक देवी सिंह के भाई ने अस्पताल में जानकारी देते हुए बताया कि 4 लोग दुकान पर आए और उन्होंने नाश्ता किया। नाश्ता करने के बाद जब उनसे नाश्ता की राशि मांगी तो उन्होंने कहा कि कोई राशि नहीं देंगे और दुकान से चले गए। कुछ ही समय बाद वापस 4 जने लौटे और उन्होंने कहा कि तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई हमसे पैसे मांगने की और हमला बोल दिया । देवी सिंह के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए गर्दन पर चाकू मारा जिससे देवी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। खून से लथपथ हो गया और उसे उपचार के लिए सामान चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। उधर तुरंत सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी डॉ. उदय भान सिंह पुलिस जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे ।

अतिक्रमण से राहगीर परेशान

करौली,(नि.स.)। दबंगों की दबंगाई और दुकान मालिकों की वसूली के चलते शहर के प्रमुख सडक मार्ग पर हो रहे अतिक्रमणों से आम राहगीर को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है लेकिन नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन अवैध अतिक्रमण को हटाने के नाम पर चुप्पी साधे हुए है।

जिला मुख्यालय स्थित शहर की आम सडकों पर आडे तिरछे फल,सब्जी,चाट पकौडी आदि के ठेला लगाकर आम राहगीर की राह दुर्गम कर रखी है देखने लायक है रोडवेज बस स्टैंड के सामने से गुलाब बाग तिराया,शहर कोतवाली,जिला सामान्य चिकित्सालय,हिण्डौन दरवाजा तक के मुख्य सडक मार्ग पर दुकानों के सामने फलसब्जी, चाट आदि के ठेला बेतरतीब ढंग से लगा रखे हैं जिनसे दिन भर सडक मार्ग पर जाम लगने से आम राहगीर राह बहुत दुर्गम भरी बनी हुई है इसी सडक मार्ग पर आवारा सांडों का जमावडा दिन भर लगा रहता है जिन आवारा साडो का आतंक भी आम जन के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है जिनके आतंक से आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं नगर प्रशासन आवारा सांडों और गायों को पकडने के नाम पर लाखों रुपए खर्च होना बता रहे हो लेकिन आवारा सांड और गायों कि कमी में कोई इजाफा नहीं आया है देखने लायक यह है कि इस शहर की आम सडक मार्ग पर दुकानदारों के अलावा दबंगों द्वारा फल सब्जी चाट आदि के ठेला लगाने की राशि भी वसूली जाने की आम चर्चा है और जिसकी सूचना प्रशासन के लोगों को भी है कि इस आम सडक मार्ग पर अवैध रूप से ठेला लगवाने मे दबंगों की दबंगाई और दुकानदारों की वसूली मुख्य कारण है यदि प्रशासन को जनहित में आम सडक मार्ग पर आमजन की रहा शुगम बनाने की मनसा है तो उन दबंगों की दबंगाई और दुकानदारों की वसूली पर अंकुश लगाना चाहिए जिससे आम सडक मार्ग पर अवैध रूप से बेतरतीब ठेला लगाने पर अंकुश लग सके और आमजन की राह आसान बन सके वैसे तो जिला मुख्यालय स्थित बाजार के आम सडक मार्ग या मासलपुर नाका चुंगी से लेकर मैगजीन तक एनएच 11बी सडक मार्ग हो सभी फुटपाथ पर लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर बडे-बडे कारोबार चला रखे हो जो सब नगर परिषद प्रशासन,जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की जानकारी में है।

सार-समाचार

पिता ने खर्चा दिलाने की मांग

भरतपुर (निस)। मंगलवार को सेवर थाना क्षेत्र के गांव पार निवासी एक बुजुर्ग पूरन सिंह भरन पोषण का खर्चा दिलाने की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां आरएएस अधिकारी सहायक निदेशक लोकसेवा सुनीता मीणा को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर वृद्ध पूरन ने बताया कि उसके दो पुत्र है। उसका बेटा उसके ही खेतों में खेती बाडी करता है। लेकिन जरूरी खर्चों के लिए जब भी उससे कुछ पैसों की मांग करता हूं तो वह साफ मना कर देता है। कई बार तो मारपीट को भी उतारू हो जाता है। सरकार के द्वारा दी जा रही पैंषन से बडी मुष्किल से गुजारा होता है। इस उम्र में कहीं मजदूरी भी नहीं मिलती है। ऐसे में कई बार एक एक पैसे के लिए मोहताज हो जाता हूं। जिसके चलते जीवन यापन में भारी परेषानी का सामना करना पड रहा है। जिस पर आरएएस अधिकारी सहायक निदेशक लोकसेवा सुनीता मीणा से उचित दिशा निर्देश दिए।

होटल बावड़ी का लोकार्पण आज

सवाई माधोपुर । राजस्थान पर्यटन विकास निगम द्वारा रणथम्भौर, सवाई माधोपुर में स्थित होटल कैसल झूमर बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने पर 21 जून को प्रात: 11 बजे लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, आरटीडीसी अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री धर्मेन्द्र राठौड़, विधायक सवाई माधोपुर एवं मुख्यमंत्री सलाहकार दानिश अबरार, विधायक गंगापुर सिटी एवं मुख्यमंत्री सलाहकार रामकेश मीना, विधायक खण्डार एवं पूर्व मंत्री अशोक बैरवा एवं विधायक बामनवास इंदिरा मीणा उपस्थित रहेंगे।

पहलवान सम्मानित

भरतपुर (निस)। दिल्ली में आयोजित 66 वीं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने पर युवा पहलवान मनोज गुर्जर का चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन डीग के गांव परमदरा में आयोजित हुआ।

विभागीय कार्य धरातल पर दिखें : पंचायती राज मंत्री

करौली । ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिये की ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जो काम किये जा रहे है वह धरातल पर दिखने चाहिए और जो कार्यों के लिए धनराशि मिली है उसका सदुपयोग होना चाहिए धनराशि का उपयोग नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी उन्होंने कहा कि जिले में रैंकिंग के सुधार के संबंध में अधिकारियों को प्रगति लाने के भी निर्देश दिये आने वाले दिनों में विभागीय कार्य पूर्ण हों ताकि लोग कार्यों को आने वाले वर्षों तक याद रखें

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे उन्होंने विभागीय कार्यों के चयन पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि सामुदायिक शौचालय जहां बनने चाहिए थे वहां नहीं बने हैं और उनका उपयोग भी नहीं हो रहा है यह गंभीर विषय है उन्होंने कहा कि 50 प्रतिषत शौचालयों में पानी व उनकी साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि जिससे कि लोग इनका उपयोग कर सकें इसके लिए जनप्रतिनिधियों से भी इनके उपयोग एवं व्यवस्थाओं के संबंध में लोगों को जागरूक करने पर भी बल दिया उन्होंने डांग क्षेत्र में शौचालय बनाने एवं लोगों को जागरूक कर पैसे का भुगतान करने,सामुदायिक शौचालय बनाने से पूर्व जहां लोगों का आवागमन रहता है उस स्थान का चयन करने,उनकी क्वालिटी व उसके उपयोग के साधन व आने जाने वाले रास्तों को भी देखने के निर्देश अधिकारियों को दिये ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने 1100 से अधिक शौचालयों का भुगतान नहीं करने पर 7 दिन में भुगतान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये उन्होंने 448 पूर्ण होने वाले कार्यों का भुगतान के साथ साथ दीवारों पर की गई पुताई एवं खर्चेबारे में भी जानकारी ली उन्होंने राज्य वित्त आयोग, कि योजनाओं की वित्तीय भौतिक प्रगति,पंचायत भवनों की नवसृजित ग्राम पंचायत समिति के नये भवनों, अम्बेडकर भवनों,राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान,कॉमन सर्विस सेन्टर की ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, स्वामित्व योजना, प्रषासन गांव के संग अभियान,जन्म मृत्यु पंजीयन,स्वच्छ भारत अभियान, गोवर्धन प्रोजेक्ट,तरल एवं ठोस कचरा प्रबंधन आदि विभागों की योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी लेकर लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने अम्बेडकर भवन एवं कॉमन सर्विस सेन्टरों के कार्यों को 20 जुलाई तक पूर्ण करने,पट्टे वितरण करने एवं सामुदायिक शौचालयों में पानी एंव सफाई व्यवस्था के लिए मैनेजमेंट प्लान तैयार कर मैनेजमेंट व्यवस्था को सुदृढ बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग के सचिव रवि जैन ने प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत पट्टा वितरण करने,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करने और ग्राम पंचायत विकास योजना,भद्रावती पुर्नजीवित परियोजना,राज्य वित्त आयोग द्वारा किये जा रहे ।

भागवत कथा ज्ञान की तैयारी

करौली । करौली शहर के नदी गेट बाहर स्थित प्रसिद्ध बैठा हनुमान मंदिर पर 24 जून से प्रारंभ होने वाले श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान की तैयारी को लेकर बैठा हनुमान मंदिर आयोजन समिति और जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभागार हाल में बैठक आयोजित हुई। आयोजन को लेकर बैठा हनुमान मंदिर आयोजन समिति अध्यक्ष डालचंद शर्मा,मुख्य यजमान पूर्व नगर परिषद सभापति राजाराम गुर्जर,कोषाध्यक्ष गोपाल लाल,समिति संयोजक मनोज शर्मा, भूर सिंह चौधरी,उत्तम सिंह जादौन,शिव कुमार जाटव आदि ने बैठक में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया जिस पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मुक्त कंठ से कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए प्रशासन की ओर से स्वच्छता,बिजली,पानी आदि की व्यवस्था का पूर्ण आश्वासन दिया एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने पूर्ण आश्वासन दिया बैठक में मुख्य रुप से जिला कलेक्टर अंकित कुमार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश जैफ,पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम,कोतवाली थानाधिकारी डॉ. उदयभान सिंह, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारी मुख्य रूप से थे जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओ बिजली,पानी सफाई आदि की व्यवस्थाओं के लिए आश्वस्त किया।

किसान सभा ने कलैक्ट्रेट पर सांकेतिक धरना दिया

भरतपुर (निस)। फसल बीमा के सवाल पर चूरू के आंदोलनरत किसानों के समर्थन में राज्यव्यापी आह्वान के तहत भरतपुर कलैक्ट्रेट पर किसान सभा द्वारा एक दिन का सांकेतिक धरना दिया गया।

धरने का नेतृत्व किसान सभा के जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह जघीना, महामंत्री कामरेड नत्थीलाल, ठा मुंषीसिंह, रम्मो सिंह, हरीसिंह घसौला उपाध्यक्ष, महावीर प्रसाद खोंखर, गिरेन्द्र सिंह पटेल बिलौठी, हरदेव सैंथरा, योगेष कुमार योगी नौगाया, पुश्पेन्द्र नौगाया, छिद्दालाल षर्मा सोगर, अषोक कुमार जघीना कोशाध्यक्ष, सुरेष बम्बई वाले जघीना, कृश्ण मुरारी नंदराम नगला आदि ने किया। धरने को सम्बोधित करते हुए कामरेड नत्थीलाल ने बताया कि किसानों की फसल बीमा, फसल मुआवजा दिलाने, पूर्वी राजस्थान नहरी परियोजना (ईआरसीपी)को लागू कराने, आवारा पषुओं से निजात दिलाने, सरसों बिक्री से लैब को हटाने सहित किसानों की केसीसी की धांधलेबाजी आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर भरतपुर में क्रमबद्ध आन्दोलन चलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। उधर चूरू जिले में फसल बीमा को लेकर लड रहे किसानों के साथ एकजुटता का आह्वान करते हुए बताया कि यदि समय रहते सरकार ने षीघ्र निपटारा नहीं किया तो आन्दोलन को तेजतर किया जायेगा। इस क्रम में इसी आने वाले 26 जून को प्रात: 10 बजे से कृशि उपज मंडी का घेराव किया जायेगा।

जमीनों का मुआवजा दिलाने : भरतपुर यूआईटी स्कीम न 13 संघर्ष समिति ने मोती सिंह पार्षद के नेतृत्व में जिला कलेक्टर एवं यूआईटी आयुक्त से मुलाकात की। जिसमें किसानों ने कहा कि हम 19 साल से लगातार जमीनों के पट्टे व 19 साल का फसल मुआवजा की मांग कर रहे हैं। मगर अभी तक शासन प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही हैं। यह मुलाकात आखिरी मुलाकात हैं। मुलाकात के दौरान यूआईटी आयुक्त ने कहा कि 23 जून को यूआईटी स्कीम 13 को लेकर बोर्ड की बैठक आयोजित होगी। जिसमें यूआईटी आयुक्त ने कहा कि 23 जून को होने वाली बोर्ड बैठक के बाद 5 दिन में जल्द से जल्द जमीनों के आवंटन कर पट्टे जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस मौके पर मोती सिंह पार्षद ने कहा कि अबकी बार झूठा आश्वासन नहीं चलेगा, यदि जल्द से जल्द किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जल्द ही यूआईटी परिसर का घेराव करेंगें। जिसमें पीडित किसान जनबच्चों, मवेशियों के साथ परिसर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेंगें।

नरेगा कार्यों की जांच की मांग उठाई

धौलपुर। धौलपुर जिले में बाडी उपखंड की ठाम पंचायत जपावली में चल रहे फर्जी नरेगा कार्यों की जांच करवाने की मांग को लेकर गुजर्रा कलां व खुर्द के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें गुजर्रा कलां व खुर्द के सुखदेव, रतन सिंह, बंगाली, गंगाधर, कम्बोद सिंह, राजकुमार, रघुवर, रामनिवास आदि ने बताया है कि नरेगा के तहत चलने वाली मस्ट्रोल फर्जी व गलत भरी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि ठाम पंचायत जपावली के सरपंच, सचिव एवं मैट आपस में नरेगा कार्यों में गडबड झाला करते हुए बंदरबांट कर रहे हैं। जिनकी जांच के लिए पहले भी जिला कलेक्टर को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

नत्थीलाल, राजपाल, बहादुर सिंह, जीतेन्द्र सिंह, गब्बर सिंह, ओमवीर, मुकेश आदि ने बताया कि पंचायत घर पर सरपंच, सचिव, बाबू आदि नहीं बैठते हैं। पंचायत घर का ताला लगा रहता है, जिससे किसी काम के लिए जाओ तो नहीं होता।

किसानों का आन्दोलन जारी

नगर (निस)। रुपारेल नदी को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना में जोडने तथा ईआरसीपी को राष्ट्रीय योजना घोषित कर सिंचाई के पानी का प्रबंध करने की माँग को लेकर बुर्जा मन्दिर सुन्दरावली नगर में पिछले 20 दिनो से धरने पर बैठे किसानों के प्रतिनिधि मण्डल को सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुलाकर बातचीत की। चार सदस्यीय प्रतिनिधि मडल में भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन आंदोलन के नेतृत्व कर्ता जिला पार्षद मोहन सिंह गुर्जर, पूर्व जिला पार्षद इंदल सिंह जाट,अनिल कुमार शर्मा शामिल थें। किसान नेताओं के प्रतिनिधि मन्डल की मुख्यमंत्री के साथ करीब एक घन्टे तक चली लम्बी सौहार्दपूर्ण माहौल की बातचीत में पानी के विषय सहित अनेक मुद्दो पर खुलकर विस्तार से चर्चा हुई। पूर्व सांसद पंडित रामकिशन, किसान नेता मोहना गुर्जर और इन्दल सिंह जाट ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके जिले में पानी और रोजगार का व्यापक संकट हैं।

वंचित व्यक्तियों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर लोक बंधु की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की जिला कलैक्ट्रेट परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वी.सी. रूम में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

जिला कलक्टर लोकबंधु ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय 2023-24 के बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि का चयन कर आवंटन के प्रस्ताव शीघ्र भिजवायें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत जोडना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में चल रहे मंहगाई राहत कैंप, प्रशासन गॉवों के संग अभियान एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि मंहगाई राहत कैंपों में पंजीयन से वंचित रहे परिवारों को चिन्हित कर उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं से पंजीकृत कराने हेतु कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को तलाशने एवं तरासने के उद्देश्य से 23 जून से शहरी एवं ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है इसके लिए समस्त संबंधित विभाग समय पर दिये गये उत्तरदायित्वों को पूरा करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर, सहायक जिला कलक्टर भारती भारद्वाज, मुख्य शिक्षा अधिकारी साहब सिंह वर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से उपखण्ड स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

नाले एवं नालियों की सफाई के निर्देश

करौली। करौली कलेक्ट्रेट मे आयोजित साप्ताहिक समीक्षा समन्वय समिति कि बैठक मे जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागो के जिला स्तरीय अधिकारियो को विशेष दिशा निर्देश दिये।

जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने करौली नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिये कि वर्षा से पूर्व शहर के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य दुरूस्त करें इसके लिये संसाधन बढाये जिससे कि वर्षा के कारण पानी का भराव ना हो और लोगो को आने जाने मे किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे थे उन्होने बैठक मे समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिला स्तर के नियंत्रण कक्ष से जब उन्हे फोन किया जाता है तो वे फोन रिसीव नही करते है सभी अधिकारी आपदा प्रबंधन को ध्यान मे रखते हुए अपने फोन उठाये और जिला स्तर के नियंत्रण कक्ष का नम्बर सेव करे और अपनी कार्यशैली मे सुधार लाये वर्षा के दिनों मे पानी,बिजली की शिकायतें आती रहती है।

सहायक निदेशक ने सुनी समस्याएं

भरतपुर (निस)। अपनी समस्याओं व परिवादों के निस्तारण की मांग लेकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे परिवादियों की समस्याओं को आरएएस अधिकारी सहायक निदेशक लोकसेवा सुनीता मीणा ने जिला कलेक्टर के निर्देशन में प्रतीक्षा हॉल में जाकर एक एक के सुना और परिवादों के संबंध में उचित कार्यवाही होने का आश्वासन दिया। परिवादियों को अपनी समस्या के लिए लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने के लिए काफी समय खडा होना पडता है। लेकिन मंगलवार को आरएएस अधिकारी सहायक निदेषक लोकसेवा सुनीता मीणा ने प्रतीक्षा हॉल में पहुंचकर एक एक परिवादी की समस्याओं को सुन जनसुनवाई की। आरएएस अधिकारी सहायक निदेशक लोकसेवा सुनीता मीणा ने एक एक परिवादी से उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने परिवादियों को उनके प्रार्थना पत्र पर होने वाली कार्यवाही के बारे में बताया। करीब एक दर्जन परिवादी अपनी समस्याओं को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। जनसुनवाई के दौरान भरण पोषण, पैंशन दिलाने सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग को लेकर परिवादी जिला कलेक्ट्रेट आए थे।

खान श्रमिक संगठन का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ

करौली । डांग विकास संस्थान द्वारा सक्षम परियोजना के अंतर्गत खान श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों का दो दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि करौली,मंडरायल,मासलपुर के 40 गांवों के 1714 खान श्रमिकों में से 60 लीडर्स का चयन कर इनको संगठन निर्माण के साथ-साथ कानूनों पर प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में संस्थान के सचिव डॉ0 विकास भारद्वाज द्वारा खान मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए श्रमिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई जिसमें स्वास्थ्य,सुरक्षा मजदूरी कार्यस्थल पर सुविधाओं के बारे में जानकारी दी संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा द्वारा खान श्रमिक कल्याण बोर्ड को चालू करवाने के लिए खान श्रमिकों को संगठित होने की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि खान मजदूर अपने हक और अधिकार के लिए संगठित होकर प्रयास करें इस अवसर पर संस्थान की आवश्यकता, उद्देश्य,भूमिका,नेतृत्वकर्ता के गुणों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई इस अवसर पर डांग विकास संस्थान के सचिव विकास भारद्वाज,राजेश शर्मा,विक्रम सिंह जाटव, महेश चंद जाटव, अनिर्बान घोष,राम कुमार जाटव,बबीता माली,सोनू माली सहित संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

सुविधा शिविर का आयोजन 22 को : करौली जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक के.के मीना ने बताया कि उद्योग एवं वाणिज्य, राजस्थान सरकार की मंशानुरूप प्रत्येक माह के चतुर्थ शुक्रवार को डैडम् सुविधा शिविरों का आयोजन किया जावेगा इन शिविरों में आगुन्तक उद्यमियों,व्यवसायियों तथा नागरिकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जावेगी साथ ही इच्छुक अभ्यर्थियों को पात्रतानुसार योजना अनुसार आवेदन तैयार कराने में सहयोग प्रदान किया जावेगा।

शिविर में आगुन्तक उद्यमियों के द्वारा उद्यम संचालन में आ रही कठिनाईयों,समस्याओं के निराकरण में सहयोग प्रदान कर जानकारी,मार्गदर्शन संबंधी सूचना,डाटा नियमित तौर पर संधारित किया जावेगा उन्होने बताया कि इस माह 22 जून को एमएसएमई सुविधा शिविर का आयोजन टाउन हॉल जिला कलैक्ट्रेट परिसर करौली में किया जायेगा सभी उद्यमियों, व्यवसायियों तथा नागरिकों से अनुरोध है कि शिविर में भाग लेकर उद्योग विभाग की योजनाओं जैसे पीएमईजीपी, एम.एल.यू.पी.वाई, बीआरयूपीवाई, रीप्स इत्यादि में मौके पर ही आवेदन भर सकते हैं उद्यम संचालन में आ रही कठिनाइयों का निराकरण किया जायेगा औद्योगिक विकास मे अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गो की प्रभावी भागीदारी के लिये डॉ.भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत विशेष कैम्प का आयोजन 22 जून को करौली,19 जून जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित,आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022 के अंतर्गत जिला स्तरीय विशेष कैम्प का आयोजन 22 जून को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित टाउन हॉल मे किया जायेगा।